वी.यू. में कृषक कौशल योजनांर्तगत भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान वि.वि., जबलपुर में दिनांक 27 व 28 अगस्त 2019 को कृषक कौशल योजनांर्तगत 37 कृषकों/पशुपालकों के भ्रमण दल जो कि सभापति, कृषि स्थाई समिति, जनपद पंचायत, कवर्धा व डॉ. विनय मिश्रा, पशुचिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, पशु चिकित्सालय, कवर्धा, जिलाः कबीर धाम (छत्तीसगढ़) के निर्देशन में आगमन हुआ। इस वि.वि. के डॉ. अनिल कुमार गौर, प्रभारी विभागाध्यक्ष, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विस्तार विभाग ने दिनांक 27 अगस्त 2019 को विश्वविद्यालय ने संयुक्त पशुधन प्रक्षेत्र, अधारताल की दुग्ध इकाई, हरा चारा उत्पादन, केंचुआ उत्पादन व पंचगव्य केन्द्र, कुक्कट पालन प्रक्षेत्र तथा शूकर पालन इकाईयों का भ्रमण कराया, उन्हें प्रक्षेत्रों के भ्रमण के दौरान वैज्ञानिक पद्धतियों व तकनीकी जानकारीयों से संबंधित प्रभारी अधिकारीयों/वैज्ञानिकों द्वारा अवगत कराया गया, साथ ही उन्हें सैद्धांतिक के

साथ–साथ व्यवहारिक ज्ञान से भी रूबरू कराया। भ्रमण के दौरान पशुपालकों की पशुपालन से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान कराया गया। दिनांक 28 अगस्त 2019 को कृषक भ्रमण दल ने पशुधन प्रक्षेत्र, आमानाला का भ्रमण कर, वहाँ पर वैज्ञानिक पद्धति से संचालित बकरी पालन प्रक्षेत्र पर उपलब्ध उन्नत नस्लें: सिरोही, बारबरी एवं ब्लैक बेंगाल से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का बरीकी से अवलोकन कर लाभान्वित हुये। कृषकों/पशुपालकों ने यह आशय विचारों के माध्यम से प्रकट किया कि पशुधन आधारित समेकित कृषि प्रणाली के माध्यम से ही हम सभी कृषकों का सशक्तीकरण एवं समृद्धि संभव है।

कृषक कौशल योजना के अंर्तगत इस भ्रमण कार्यक्रम में डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा व पशुपालन महाविद्यालय के साथ ही डॉ. जे.के. भारद्वाज, डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. विश्वजीत राय, डॉ. हरी आर, डॉ. शिल्पा गजभिये, श्री टिंवक्ल रैकवार, विजय चौकसे एवं श्री अरविंद शर्मा का मागदर्शन व सहयोग सराहनीय रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)